मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-142
14/04/2022

मुख्यमंत्री ने वाराणसी के मदनपुरा इलाके के अशफाक नगर में साड़ी फिनिशिंग फैक्ट्री में आग लगने से बिहार के दो मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश

पटना, 14 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वाराणसी के मदनपुरा इलाके के अशफाक नगर में साड़ी फिनिशिंग फैक्ट्री में आग लगने के हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के दो मजदूरों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी के मदनपुरा इलाके के अशफाक नगर में साड़ी फिनिशिंग फैक्ट्री में आग लगने के हादसे में बिहार के दो मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

******